ESA तथा बारह देशों ने ज़ीरो डेब्रिज़ चार्टर (ZBC) पर किये हस्ताक्षर

स्रोत: स्पेसवॉच

बारह देशों ने **यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ESA)/EU स्पेस काउंसिल** में **ज़ीरो डेब्रिज़ चार्टर** अर्थात् शून्य मलबा चार्टर पर हस्ताक्षर किये हैं, जिससे पृथ्वी की कक्षा में मानवीय गतिविधियों की दीर्घकालिक स्थिरता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सशक्त हुई है।

- नवंबर 2023 में स्पेन के सेविले में आयोजित **ESA अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन** में प्रस्तुत किये गए ज़ीरो डेब्रिज चार्टर का लक्ष्य **वर्ष 2030 तक अंतरिक्ष मलबों के संबंध में तटस्थता (Debris- Neutrality) प्राप्त करना** है।
- ज़ीरो डेब्रिज़ चार्टर को ESA के **'प्रोटेक्शन ऑफ स्पेस एसेट्स एक्सेलेरेटर' द्वारा प्रस्तुत** किया गया है तथा इसे **40 वैश्विक अंतरिक्ष अभिकर्त्ताओं द्वारा तैयार** किया गया था।
- अंतरिक्ष की सुरक्षा एवं धारणीयता को उन्नत बनाने के लिये प्रतिबद्ध कोई भी संस्था चार्टर पर हस्ताक्षर कर सकती है तथा **ज़ीरो डेब्रिज़ कम्युनिटी** में शामिल हो सकती है इसके लिये मौज़ूदा साझेदारों से अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक नहीं है।
- हाल ही में **ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, साइप्रस, एस्टोनिया, जर्मनी, लिथुआनिया, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम** और यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने ज़ीरो डेब्रिज चार्टर का अनुपालन करने का संकल्प लिया है तथा निकट भविष्य में 100 से अधिक संगठनों के इसमें शामिल होने की संभावना है।

और पढ़ें: अंतरिक्ष मलबा Space Debris

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/esa-and-twelve-countries-sign-the-zero-debris-charter